प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 14.04.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सहारनपुर में किया रोड शो, देहरादून में दिल्ली–देहरादून आर्थिक गलियारे का किया शुभारंभ : कहा– क्षेत्रीय आर्थिक विकास को गति देगा यह गलियारा।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देहरादून–दिल्ली आर्थिक कॉरिडोर को बताया पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिये गेम चेंजर।
3. श्री योगी लखनऊ में संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर की जयंती समारोह में हुए शामिल : कहा– डॉ0 आम्बेडकर के आदर्शो पर चलने से एक भारत–श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना होगी साकार।

और

4. राज्य सरकार ने श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी में की 21 फीसदी की अंतरिम बढ़ोत्तरी : नोएडा–गाजियाबाद में श्रमिकों को मिलेगी सर्वाधिक मजदूरी।

————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज देहरादून में दिल्ली–देहरादून आर्थिक गलियारे का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री मोदी ने आर्थिक गलियारे के लाभ का जिक्र करते हुए कहा कि इससे पर्यटकों की

बढ़ती संख्या, परिवहन और अन्य स्थानीय सेवाओं से जुड़े लोगों की आय बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि यह आर्थिक गलियारा प्रमुख पर्यटन और आर्थिक केंद्रों के बीच क्षेत्रीय आर्थिक विकास को मजबूत करेगा। विशेषकर उत्तर प्रदेश को भी इससे बहुत फायदा होगा। बाइट.....

*इस एक्सप्रेसवे का बहुत बड़ा हिस्सा यूपी से होकर गुजरता है। इससे गाजियाबाद, बागपत, बड़ोत, शामली और सहारनपुर जैसे अनेक शहरों को भी बहुत फायदा है। tourism के लिहाज से यह project बहुत अहम है। मैं पूरे देश को इस project की बहुत बहुत बधाई देता हूं।*

देहारादून जाने से पहले प्रधानमंत्री ने सहारनपुर के गणेशपुर में हैलीपैड पर उतरने के बाद रोड–शो किया। बाद में वन्य जीव गलियारे का निरीक्षण किया और दातकाली मंदिर में पूजा अर्चना की। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उनके साथ मौजूद थे। एक रिपोर्ट.....

*12 हजार करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 213 किलोमीटर लम्बे 6 लेन का यह गलियारा उत्तर प्रदेश से होकर गुजरेगा। इस इकोनॉमिक कॉरिडोर से चार धाम, ऋषिकेश हरिद्वार और मंसूरी तक लोगों की पहुंच आसान होगी। बागपत, शामली और सहारनपुर जिलों में औद्योगिक विकास और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। सहारनपुर की लकड़ी नक्काशी, मेरठ के स्पोर्ट्स सामान और मुजफ्फरनगर के कागज उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। सहारनपुर में इस कार्यक्रम से वर्चुअल माध्यम से जुड़े मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य के पश्चिमी जिलों में औद्योगिक विकास के साथ–साथ इस क्षेत्र के किसानों द्वारा उत्पादित गुड़, अनाज, फल और सब्जियों को राष्ट्रीय राजधानी तक पहुंचाने में भी आसानी होगी। समाचार कक्ष से फजल इनाम।*

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सहारनपुर के मनोहरपुर गांव में एक जनसभा को संबोधित करते हुए दिल्ली–देहरादून आर्थिक गलियारे को पश्चिमी उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिये गेम चेंजर बताया है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना पश्चिमी उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास, निवेश और रोजगार के नये अवसरों के सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। उन्होंने कहा कि यह कॉरिडोर न सिर्फ आवागमन को सुगम बनायेगा, बल्कि क्षेत्रीय किसानों के उत्पादों को राष्ट्रीय राजधानी से लेकर वैश्विक बाजार तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभायेगा। बाइट......

*जो दूरी पहले सहारनपुर से दिल्ली की पांच से छह घंटे में पूरी हो पाती थी। अब यह इकोनॉमिक कॉरिडोर सहारनपुर से दिल्ली की दूरी हो या सहारनपुर से देहरादून की दूरी, इस दूरी को मात्र ढाई घंटे में पूरा करने में मदद मिलेगी।*

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पी और भारत रत्न बाबा साहब डॉ0 भीमराव रामजी आम्बेडकर का पूरा जीवन एक भारत–श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार करने और दलितों, वंचितों और महिलाओं को न्याय दिलाने के लिये समर्पित था। श्री योगी आज शाम लखनऊ के डॉ0 भीमराव आम्बेडकर महासभा परिसर में बाबा साहब डॉ0 आम्बेडकर की 135वीं जयंती पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। बाइट.....

*आज पूरा देश भारत माता के अपने एक ऐसे महान सपूत का स्मरण कर रहा है जिनका पूरा जीवन एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए दलितों, वंचितों, गरीबों और महिलाओं को न्याय प्रदान करने के लिए समर्पित था। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के इन कार्यों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए ही आज पूरा देश उनका स्मरण कर रहा है।*

श्री योगी ने कहा कि भारत रत्न डॉ0 आम्बेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि यह होगी कि लोग उनके आदर्शो को आत्मसात कर राष्ट्र का नव निर्माण करे। इस मौके पर एक विशेष स्मारिका का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, राज्य मंत्री असीम अरूण, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

———————————

भारतीय संविधान के शिल्पो भारत रत्न बाबा साहेब डॉ0 भीमराव आम्बेडकर की 135वीं जयंती आज प्रदेश भर में उल्लास के साथ मनायी जा रही है। इस अवसर पर सभी जिलों में विविध कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। वाराणसी नगर में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद और राज्य मंत्री नवीन जायसवाल ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर श्री निषाद ने कहा कि बाबा साहब द्वारा बनाये गये संविधान की वजह से देश मजबूत लोकतांत्रिक व्यवस्था के साथ आगे बढ़ रहा है। आगरा, फर्रुखाबाद, हापुड़, अमरोहा, चित्रकूट और उन्नाव सहित अनेक जिलों

के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बाबा साहब के जीवन क विभिन्न आयामों पर आधारित झांकियां और शोभायात्रा निकाली गई। शैक्षणिक, सामाजिक और राजनैतिक संगठनों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में बाबा साहब के स्वतंत्रता आन्दोलन में उनके योगदान और संविधान निर्माण में उनकी दूरदर्शिता की चर्चा की गई। विभिन्न आयोजनों में वक्ताओं ने लोगों से उनके जीवन आदर्शों को सीखने और उन पर चलने का आग्रह किया।

——————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि नीति–निर्माण और निर्णय लेने में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से वर्ष 2047 तक विकसित भारत की यात्रा का दृष्टिकोण और मजबूत होगा। भारत की नारी शक्ति को लिखे पत्र में श्री मोदी ने कहा कि 16 अप्रैल को संसद, नारी शक्ति वंदन

अधिनियम से संबंधित महत्वपूर्ण संवैधानिक संशोधन पर चर्चा और उसे पारित करने के लिए दोबारा सत्र शुरू करेगी। प्रधानमंत्री ने सदन में इस विधेयक के पारित होने की आशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि देशभर की महिलाएं विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का एक अनूठा अवसर मिलने पर खुशी व्यक्त कर रही हैं।

———————

गौतमबुद्ध नगर के नोएडा में वेतन वृद्धि की मांग पर कल चौथे दिन श्रमिकों के आंदोलन के बाद देर रात राज्य सरकार ने उनकी न्यूनतम मजदूरी में 21 फीसदी की अंतरिम बढ़ोत्तरी कर दी है। यह फैसला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गठित हाई पावर कमेटी की सिफारिश पर किया गया है। अंतरिम वेतन बढ़ोत्तरी को तीन श्रेणियों में बांटा गया है। नोएडा–गाजियाबाद में श्रमिकों को सबसे अधिक मजदूरी मिलेगी, जबकि प्रदेश क नगर निगमों के अन्तर्गत आने वाले शहरों और राज्य के अन्य जिलों के लिये बढ़ी हुई अंतरिम दरें अलग–अलग होंगी। यह दरें एक अप्रैल से प्रभावी मानी जायेंगी।

———————

नोएडा में कल हुए मजदूरों के हिंसक प्रदर्शन के पीछे बड़ी साजिश का पर्दाफाश हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गठित उच्चस्तरीय कमेटी के सदस्यों ने

आज इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार ने आज ग्रेटर नोएडा में बताया कि कमेटी ने जांच के आधार पर बताया है कि साजिश के तहत जानबूझकर श्रमिकों की मांगों की आड़ में कुछ बाहरी और अराजक तत्वों ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश की और यह प्रदर्शन हिंसक हो गया। श्री कुमार ने बताया कि कमेटी ने दोनों पक्षों श्रमिकों और उद्यागपतियों से अलग–अलग बातचीत की है और समस्या का त्वरित समाधान निकालने की कोशिश की जा रही है।

————————

केन्द्रोय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने कल बदांयू में बदायूं–दिल्ली इंटरसिटी एक्सप्रस ट्रेन का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री वर्मा ने कहा कि इस रेल सेवा के शुरू होने से स्थानीय लोगों का दोनों शहरों के बीच सफर आसान हुआ है। बाइट.....

*इस रेल की सौगात के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी जी को और रेल मंत्री जी को मैं बदायूं की जनता की ओर से और अपनी ओर से बहुत बहुत आभार व्यक्त करता हूं कि देश की आजादी के बाद बदायूं की जनता ट्रेन की बदायूं से दिल्ली की मांग करती चली आ रही थी। न जाने पांच पांच बार लोग सांसद रहे सरकारों में दो दो बार सांसद रहे यूपीए की सरकार में, लेकिन ईमानदारी से सार्थक प्रयास उन्होंने नहीं किया। नहीं तो जनता को यह सौगात पहले मिल चुकी होती।*

(समाप्त)